FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत——जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

सीताराम वगै0 **बनाम** शंभूदयाल वगै0

किस्म मुकदमा— निगरानी संख्या 20/2012

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारी[illegible] अहकाम जो हुक्म की ता[illegible] में जारी हुए
18.5.2022	अधिवक्ता निगरानीकारान एवं गैर निगरानीकार सं0 1 व 2 उपस्थित। अधिवक्ता निगरानीकारान ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया गया कि पक्षकारों के मध्य विवादित संपत्ति बाबत स्वेच्छा से राजीनामा हो गया है। पक्षकारान इस निगरानी को आगे नहीं चलाना अंकित करते हुए निगरानीकारान ने निगरानी नोट प्रेस में खारिज करने हेतु निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र एवं मूल पत्रावली का अवलोकन किया गया। अधिवक्ता निगरानीकारान व अधिवक्ता गैर निगरानीकार सं0 01 व 02 को सुना गया। अधिवक्ता निगरानीकारान ने बहस में कथन किया कि न्यायालय में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत निगरानी उनवानी सीताराम व अन्य बनाम शंभूदयाल व अन्य विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में पक्षकारान के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा हो गया है। अतः प्रकरण नोट प्रेस में खारिज फरमा दिया जावे। अधिवक्ता गैर निगरानीकारा सं0 01 व 02 ने निगरानी को नोट प्रेस में खारिज किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। अतः निगरानीकारान द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत प्रकरण नोट प्रेस में खारिज किये जाने स्वीकार किया जाता है। प्रकरण उनवानी सीताराम वगै0 बनाम शंभूदयाल निगरानी प्रकरण संख्या 20/2012 नोट प्रेस में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो। खुले न्यायालय सुनाया गया। जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.06.16 10:00:18 IST
Reason: SelfAttested